an>

Title: Need to include cultivation of betel leaves under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख)ः पान उत्पादक किसान पान की फसल की बढ़ती लागतों के बीच प्राकृतिक व्याधियों से फसल नष्ट होने के कारण व्यथित है। एक ओर पान फसल की उत्पादन लागत बढ़ती जा रही है और दूसरी ओर इनको बीमा कवर का लाभ नहीं मिल रहा है। फलस्वरूप इनकी कमर साल दर साल टूटती जा रही है। पान की फसल के लिए बांस बल्लियों के साथ घास और फूस से विशेष प्रकार के बरेजे के अंदर पान की फसल का पौधरोपण किया जाता है जो दस माह के बाद बेल की शक्ल में पूरे बरेजे में फैल जाती है। प्रति एकड़ भूमि में पान के बरेजे तैयार करने के लिए दो लाख रूपए खर्च होते हैं। ऐसी स्थिति में यदि पान की फसल बीमा कवर के दायरे में आ जाती है तो किसानों की बड़ी समस्या का निराकरण हो जायेगा। ऐसे में, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पान की खेती का बीमा शामिल करना चाहिए।